Title: Need to improve the telephone services in Dohad Parliamentary Constitunecy, Gujarat.

श्री बाबूभाई के. कटारा (दोहद): गुजरात में मेरा दोहाद संसदीय क्षेत्र एक जिला आदिवासी एवं पिछड़ा क्षेत्र है। वहां बहुत से क्षेत्रों में टेलीफोन विभाग की बहुत फरीयादें हैं। टेलीफोन बहुत जगह खराब रहता है। गलत नंबर आता है। जिसमें हर तालुका एवं बहुत जरूरी जगहों पर टेलीफोन एक्सचेंज बहुत कम है। "फायबार" वायर लगाने की जरूरत है। आधुनिक नहीं किया जाता। एस टी डी की आपस के शहरों एवं स्थानों पर कोई सुविधा नहीं है। बहुत जगह एसटीडी/आईएसडी/लोकल कालों का सुविधा नहीं है।

जगह-जगह एसटीडी/आईएसडी/लोकल बूथ खोलने की व्यवस्था करनी चाहिए। महिलाओं, आदिवासी बेरोजगार शिक्षित युवक युवतियों को एसटीडी/आईएसडी/लोकल बूथों के खोलने की मंजूरी देनी चाहिए। देश के अन्य शहरों के एसटीडी/आईएसडी से जोड़ने के लिए व्यवस्था बहुत जरूरी है। खराब एवं बिगड़े रहते टेलीफोनों से जनता परेशान है। बिना रिश्वत दिये लीफोन रीपेयर नहीं होता एवं टेलीफोन कनैक्शन नहीं मिलता। इन सब समस्याओं का हल करने के लिए केन्द्र से एक हाई पॉवर जांच दल भेजना चाहिए।